# जनकवि घनश्याम रतूड़ी की 90वीं जयंती पर हुआ कवि सम्मेलन

**सम्मान**

▶▶ कार्यक्रम में कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉ. गोविंद रावत को सम्मानित किया गया।




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई टिहरीः जनकवि व चिपको** आंदोलन के नेता घनश्याम रतूड़ी सैलानी की 90वीं जयंती पर रविवार को घनसाली के बेलेश्वर में कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉ. गोविंद रावत को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बालगंगा सेवानिवृत्त संघ के महामंत्री उम्मेद सिंह चौहान ने कहा कि स्व. सैलानी की जन्मभूमि और कर्मभूमि बालगंगा घाटी रही है। इस घाटी में उन्होंने तमाम जनआंदोलन चलाएं और लोक गीतों के साथ ही कविताएं लिखीं। उन्होंने कहा कि स्व. सैलानी ने चिपको आंदोलन, शराबबंदी जैसे कई समाजहित के कार्य किए। उपस्थित लोगों ने स्व. घनश्याम रतूड़ी को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी ओर से किए कार्यों को याद किया। इंद्रमणि बडोनी कला एवं साहित्य मंच की ओर से कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले होम्योपैथी राष्ट्रीय सेवा रत्न पुरस्कार से सम्मानित डॉ. गोविंद रावत को सम्मानित किया गया। डॉ. रावत ने कहा कि कोरोना काल में हम दस लोगों की टीम बनाकर घनसाली और प्रतापनगर में 61 कैंप लगाकर एक लाख से अधिक लोगों को मदद पहुंचाने में सफल हुए। उन्होंने कहा कि जिस कारण आज राष्ट्रीय होम्योपैथी सेवा रत्न पुरस्कार और इंद्रमणि बडोनी कला एवं साहित्य मंच पुरस्कार सहित जितने भी सम्मान मुझे प्राप्त हुए हैं, उनका श्रेय शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त मेरे पिता व चाचा सहित क्षेत्र के तमाम लोगों को जाता है। इससे पूर्व कार्यक्रम का इंद्रमणि बडोनी कला एवं साहित्य मंच के अध्यक्ष लोकेंद्र दत्त जोशी, मुख्य अतिथि गोविंद रावत ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर आरबी सिंह, भारत सिंह नेगी, धर्म सिंह बिष्ट, विजयराम जोशी, हर्षदेव भट्ट, गोविंद प्रसाद बड़ोनी, राजेंद्र बिष्ट, धनपाल सिंह रावत, कुंवर सिंह रावत, लोकेंद्र सिंह रावत, रामचन्द्र शाह, शैलेंद्र गैरोला, विजय सिंह कोहली, भूपेंद्र मेहरा, हर्षमण उनियाल

# डीजीपी ने केदारधाम की व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

**व्यवस्था**

▶▶ उसको और सुदृढ़ किया जाए। जिससे यात्रियों के लिए हम और बेहतर से बेहतर व्यवस्था कर सकें

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादूनः पुलिस महानिदेशक** अभिनव कुमार रविवार को केदारधाम पहुंचे। उन्होंने केदारनाथ धाम की व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के साथ एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने का निर्देश दिया। डीजीपी अभिनव ने श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व्यवहार करने के साथ-साथ केदारनाथ धाम मन्दिर परिसर में 50 मीटर की दूरी पर वीडियोग्राफी और सोशल मीडिया रील्स बनाने वालों पर सख्ती करने के निर्देश दिए ताकि मन्दिर दर्शन के लिए आये श्रद्धालुओं को समस्या न हो। केदारनाथ धाम में नियुक्त पुलिस बल के साथ संवाद स्थापित करने के साथ उनकी ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश



दिए। सभी को पूर्ण निष्ठा के साथ कर्तव्य निर्वहन करने की हिदायत दी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि चारधाम यात्रा के अन्तर्गत केदारनाथ धाम के कपाट खुले हुए रविवार को दसवां दिन है। इस अवसर यात्रा व्यवस्थाओं को देखने मैं स्वयं आया था। इस बार अभी तक जो भीड़ आई है प्रतिदिन तीस हजार से भी अधिक श्रद्धालु दर्शन करके जा रहे हैं। निश्चित रूप से यहां पर जो भी मंदिर व्यवस्था से जुड़ी हुई सारी एजेंसियां हैं। बद्री केदार मंदिर समिति, जिला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ एसडीआरएफ, आईटीबीपी, स्वास्थ्य विभाग, पर्यटन विभाग, सूचना विभाग है, सारी टीमें जिस तालमेल के साथ कार्य कर रही हैं, एक बहुत अच्छा उदाहरण है। आने वाले दिनों में भीड़ के दबाव को देखते हुए हमारी कोशिश रहेगी कि यहां पर जो भी पुलिस व्यवस्था है, उसको और सुदृढ़ किया जाए। जिससे यात्रियों के लिए हम और बेहतर से बेहतर व्यवस्था कर सकें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा, अशोक भदाणे, पुलिस उपाधीक्षक केदारनाथ यात्रा अविनाश वर्मा, चौकी प्रभारी केदारनाथ मंजुल रावत सहित पुलिस, पीएसी, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के जवान उपस्थित थे।

# सिमखोली शिविर में 120 मरीजों ने कराया नेत्र परीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोपेश्वरः चमोली जिले के** पोखरी विकास खंड के सिमखोली के आनंद भवन में द हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल सतपुली की ओर से आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। इसमें 120 ग्रामीणों ने अपने आंखों का परीक्षण करवाया, जिसमें से 14 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद की शिकायत पायी गई। द हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल के को-आर्डिनेटर दीपक गुसाई ने बताया कि जिन 14 मरीजों की आंखों में मोतियाबिन्द की शिकायत पायी गई है, उन्हें 25 मई को सतपुली स्थित अस्पताल ले जाकर मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किया जायेगा। नेत्र शिविर के दौरान मरीजों को नजर के चश्मे और आवश्यक दवायें निःशुल्क वितरित की गई। नेत्र शिविर के संयोजक समाजसेवी भानु प्रकाश नेगी ने हंस फाउंडेशन की



ओर से ग्राम पंचायत सिमखोली के आनन्द भवन में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित करने पर संत भोले महाराज और करुणामयी माता मंगला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के नेत्र शिविर ग्रामीणों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। क्योंकि शहरी क्षेत्र में लगने वाले नेत्र शिविरों का ग्रमीणों को पता नहीं चल पता है। शिविर में क्षेत्र के तमुण्डी, काण्डई खोला, इज्जर, विरसरण सेरा, चैम्वाड़ा, बडेथ, सिनाउ, सिमखोली आदि गांवो के ग्रामीणों ने अपने आंखों का परीक्षण करवाया। नेत्र शिविर के दौरान डॉ. प्रशांत जुगराण, डेविड भाई, कॉडिनेटर दीपक नेगी आदि मौजूद थे।

## हरिद्वार में तमंचे के बल पर सुनार से लूट

**हरिद्वार। लक्सर कोतवाली** के सुल्तानपुर में शनिवार रात अपनी दुकान से घर लौट रहे सुनार का तीन नकाबपोश बदमाश तमंचा दिखाकर बैग लूट ले गए। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पचेवली गांव निवासी रोहित की सुल्तानपुर पुलिस चौकी के नीचे न्यू श्रीराम ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। शनिवार रात्रि आठ बजे जब वह दुकान बंद कर अपने गांव पचेवली टीक्कमपुर के रास्ते से जा रहा था, तभी गाँव से पहले बनी पुलिया पर पहले से घात लगाए तीन नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने पीछे से आकर तमंचे के बल पर उसका बैग लूट लिया। ज्वेलर्स रोहित का कहना है कि घर जाते वक्त तीन नकाबपोश पीछे से आए और गन प्वाइंट पर रुपये व ज्वेलरी से भरा बैग छीन कर फरार हो गये। रोहित ने बताया कि बैग में 15 हजार रुपये तीन किलो चांदी के आभूषण व 1.5 तोले सोने की ज्वेलरी, खाता बुक, मोबाइल चार्जर आदि सामान था।

## केदारधाम यात्रियों की सुव्यवस्था के लिए प्रशासन मुस्तैद

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून/ रुद्रप्रयाग।**
**श्री केदारनाथ धाम में** दर्शन करने पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों की यात्रा सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से संचालित हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिला अधिकारी के निर्देशन में सभी विभाग अपनी व्यवस्थाओं और सुविधाओं को यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो। अधिशासी अभियंता डीडीएमए विनय झिंकवान ने रविवार को बताया कि श्री केदारनाथ धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं, जिससे कि कई स्थानों पर यात्रा मार्ग में स्थापित रेलिंग भी क्षतिग्रस्त हो रही है। यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत क्षतिग्रस्त रेलिंग का श्रमिकों की ओर से त्वरित गति से मरम्मत कार्य किया जा रहा है, ताकि किसी भी यात्री को कोई नुकसान न



पहुंचे। उन्होंने यह भी बताया कि कुबेर ग्लेशियर में फंसे बड़े बड़े पत्थर जो बर्फ के पिघलने के कारण बाहर निकल रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत ऐसे बड़े पत्थरों को श्रमिकों की ओर से हटाया जा रहा है। केदारनाथ यात्रा मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। घोड़े और खच्चरों का भी संचालन हो रहा है। इस कारण छौड़ी गदेरा, रामबाड़ा पुल एवं ग्लेशियर क्षेत्रों में रेलिंग क्षतिग्रस्त हुई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अगस्त्या इंटरनेशनल फाउंडेशन ने विज्ञान महोत्सव का किया आयोजन

**देहरादून।** राजकीय इंटर कॉलेज नालापानी देहरादून में अगस्त्या इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को विज्ञान के विभिन्न मॉडल जैसे - जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान के विभिन्न प्रकार के विषयवस्तुओं के मॉडल को प्रस्तुत किया गया। जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० ज्योति प्रसाद तिवारी, विद्यालय के समस्त अध्यापकों द्वारा किया गया तथा विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा छात्रों ने विज्ञान महोत्सव में लगे मॉडलों का अवलोकन किया। जिसमें अगस्त्या फाउंडेशन के प्रशिक्षक - अन्नू रावत, निहारिका, अमित एवं अशोक कुमार एवं देवरत पाल उपस्थित रहे।

### जो गुरूमुख हो गया, उसका हर कर्म भक्ति बन गया : भारती

**देहरादून।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान देहरादून के आश्रम सभागार में रविवार को भक्ति मार्ग के पथिकों को महापुरूषों के उन महान दिव्य विचारों का संग प्राप्त हुआ जिन विचारों को प्राप्त करने के बाद मनुष्य का जीवन अपने लक्ष्य की प्राप्ति के साथ सहजता-सरलता से जुड़ जाया करता है।

कार्यक्रम का आगाज संस्थान के ब्रह्मज्ञानी संगीतकारों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों से किया गया।

भजनों के भीतर छुपे हुए गूढ़ अध्यात्मिक तथ्यों की विवेचना करते हुए मंच संचालन का कार्य साध्वी विदुषी जाह्नवी भारती के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े महापुरूष सत्संग के विचारों को श्रवण करने के लिए तरसते हैं। कितनी भी उच्चावस्था पर आरूढ़ हो जाएं किन्तु सत्संग की प्यास सदा उनके भीतर बरकरार रहा करती है और वे कैसे भी हो सत्संग प्राप्त करने के लिए सदैव लालायित रहा करते हैं। महाभारत के समरांगण में भीष्म पितामह अपने कानों को लगातार उस ओर लगाए हुए हैं जहां योगीराज भगवान श्री कृष्ण अर्जुन का मोह विराम करने हेतु उसके समक्ष कालजयी महाग्रन्थ गीता की रचना कर रहे हैं, उन्हें ज्ञान की दीक्षा प्रदान कर रहे हैं।

श्वांस-प्रति-श्वांस सुमिरन की दिव्य धुन पर नृत्य किया करता है। दिन भर और यहाँ तक की रात्रि विश्राम की अवस्था में भी गुरू का शिष्य कभी सोता नहीं है बल्कि शाश्वत सुमिरन से जुड़कर ह्ययोगनिद्राह्ल में ही निमग्न रहता है अर्थात! निद्रा में भी योगस्थ रहकर अपने सदगुरू से जुड़ा रहता है। जब शिष्य के पास शरीर से किया जाने वाला सेवा कार्य नहीं होता तो वह मानसिक सेवा किया करता है अर्थात! अपने मन के तारों को गुरूवर तथा गुरूघर से जोड़े रखता है और उन्हीं का चिंतन करता रहता है। शिष्य के पास करने के लिए मात्र एक ही व्यापार बचता है और वह है निरंतर प्रभु नाम सुमिरन की पूंजी को उत्तरोतर बढ़ाते चले जाने वाला व्यापार। वास्तव में ऐसे ही शिष्य को श्री गुरू चरणों में पूर्ण रूपेण समर्पित शिष्य कहा जाता है। प्रसाद का वितरण कर साप्ताहिक कार्यक्रम को विराम दिया गया।

### बांगुर सीमेंट ने नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए लॉन्च किया नया मल्टीमीडिया कैंपेन

**देहरादून।**
**बांगुर** सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टीमीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन वोट सोलिड, देश सोलिड देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था।

## पर्यावरण बचाने के लिए बाइक रैली



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादूनः कावासाकी देहरादून** और तमतारा कैफे की ओर से पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत रविवार को बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह बाइक रैली कावासाकी माजरा से शुरू होकर रेलवे स्टेशन, घंटाघर, राजपुर रोड, ओल्ड मसूरी रोड होते हुए राजपुर रोड के तमतारा कैफे तक आयोजित की गई। इस बाइक रैली में कावासाकी के 650 सीसी से लेकर 1100 सीसी तक के सभी मॉडलो को राइडर्स ने शामिल किया एवं पर्यावरण बचाओ और सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया। इस बाइक रैली में देहरादून के विभिन्न स्थानों से 25 बाइक राइडर्स शामिल हुए। तमतारा कैफे राजपुर रोड के ओनर सुनीता वात्सल्य एवं वरुण नरूला ने इस रैली को होस्ट करते हुए काफी प्रसन्नता जाहिर की एवं उन्होंने कहा कि हमारा कैफे हमेशा से सामाजिक कार्यों को बढ़ावा दे रहा है एवं हम पर्यावरण बचाओ, सड़क सुरक्षा जागरूकता, वृक्षारोपण, क्लीन दून- ग्रीन दून जैसे सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान को लोगों तक पहुंचने का कार्य कर रहे हैं। देहरादून में विकास के कार्यों को लेकर राजपुर रोड, सहस्त्रधारा रोड, ओल्ड मसूरी रोड सभी जगह पर सड़क के किनारे छोटे बड़े पेड़ पौधों को काटा गया है और सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया गया है।

# चारधाम परिसर में रील बनाई तो खैर नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।**
**चारधाम मंदिर परिसरों** के 50 मीटर के दायरे में वीडियोग्राफी व रील बनाने पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद पुलिस विभाग ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। जिसमें साफ किया गया है कि कोई व्यक्ति मंदिर परिसर में रील बनाता यदि देखा गया तो उसके विरुद्ध उपद्रव की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। साथ ही स्थानीय अभिसूचना इकाई को सोशल मीडिया की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। एसओपी के तहत मंदिर परिसरों में भीड़ हो जाने से श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को व्यवस्था बनाने में दिक्कत आ रही है। इसके दृष्टिगत शासन ने मंदिर परिसरों के 50 मीटर के दायरे में वीडियोग्राफी एवं रील बनाने पर प्रतिबंध लगाए जाने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड




अभिनव कुमार ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति निदेर्शों का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उपद्रव करने वाला माना जाएगा। इसके अलावा कोई व्यक्ति जान-बूझकर व दुर्भावना के चलते एक वर्ग की धार्मिक मान्यताओं या धर्म का अपमान करने के लिए निदेर्शों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध धार्मिक विश्वासों का अपमान करने का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वीडियोग्राफी या रील की सामग्री ऐसी प्रकृति की पाई जाती है कि जिससे धर्म, जाति, भाषा, समुदाय या अन्य आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा मिलता है, तो गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। डीजीपी ने सभी जिला प्रभारियों को निर्देशित किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी व्यक्ति को चारधाम यात्रा से जुड़े पवित्र तीर्थ स्थलों के बारे में भ्रामक व आहत करने वाली सूचना फैलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

# पर्यावरणीय खतरे पर जनसेवियों की विचार गोष्ठी

**देहरादून।**
**पर्यावरण बचाने** के लिए तमाम जनसेवी एवं वामपंथी संगठन रविवार को खलंगा में एकत्र हुए। यहां पर विचार गोष्ठी और जन गीत प्रस्तुत किए गए। संचालन नीतिन मलेठा ने किया जबकि रूपरेखा हिमांशु अरोड़ा ने प्रस्तुत की। वक्ताओं ने कहा कि अभी तक खलंगा के जंगलों को बचाने के लिए सरकार द्वारा लिखित आश्वाशन नहीं दिया गया है। देहरादून में विभिन्न परियोजनाओं में खलंगा के अलावा भी विभिन्न जंगलों में हजारों पेड़ों का कटना प्रस्तावित है। खलंगा के जंगलों को बचाने का संघर्ष देहरादून में अन्य



जगहों पर होने वाले जल-जंगल-जमीन के दोहन एवं कटान को रोकने के लिए प्रेरणा बनेगा। सभा में एस. एफ.आई के राज्य सचिव हिमांशु चौहान एवं वरिष्ठ पत्रकार त्रिलोचन भट्ट ने जनगीत साथी जल जंगल जमीन का बचना बहुत जरूरी है। इसलिए अंधे विकास से लड़ना बहुत जरूरी है सभी को साथ लेकर गाया गया। खलंगा के स्थानीय निवासी इन्द्रेश नौटियाल ने देहरादून की 12 नदियों की कहानी सुनाई, से 2 नदियाँ रिस्पन्ना और बिंदाल बिलकुल मृत हो चुकी हैं।

## लाखों के जेवरात के साथ अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े तीन चोर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।**
**हल्द्वानी पुलिस ने उत्तराखंड** पुलिस के जवान की पत्नी के बैग में रखे जेवरात की चोरी के मामले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। इस संबंध में दीपक बिष्ट चौकी प्रभारी टीपीनगर व उनकी टीम ने शनिवार को टप्पेबाजी और चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को सम्पूर्ण माल सहित काशीपुर रोड रुद्रपुर से गिरफ्तार किया गया है। चोरी की घटना में शामिल आरोपितों में सद्दाम पुत्र खुर्शीद निवासी हमीदाबाद थाना- बिलासपुर जिला रामपुर उप्र, एहसान अली पुत्र शेर मोहम्मद निवासी हमीदाबाद थाना बिलासपुर, जिला रामपुर उप्र और नवाब अली पुत्र भूरे निवासी हमीदाबाद थाना बिलासपुर, जिला रामपुर उप्र शामिल थे। उनके पास से एक सोने की नथ, चांदी की दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी सोने के कान के झुमके, एक सोने का मांग टीका, एक जोड़ी सोने की पौंची, एक सोने की लौकेट, 1000 रुपये नकद बरामद हुए। आरोपितों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उनका एक गैंग है जो भिन्न-भिन्न स्थानों पर जाकर मैजिक और बस स्टैण्ड के आस-पास रेकी करते हैं। इस दौरान अपने साथ सामान ले जाने वाले लोगों को चिह्नित कर जिस वाहन में वे बैठते हैं।

## बदरीनाथ विधानसभा में उप चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी में बढ़ी सक्रियता

**गोपेश्वर।**
**बदरीनाथ विधानसभा** के विधायक राजेंद्र भंडारी ने लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा का दामन थाम लिया था। इससे विधायक के रिक्त हुए पद पर उपचुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस का बैठकों का दौर जारी है। पार्टी के पदाधिकारी गांव-गांव जाकर जनसंपर्क और कार्यकताओं के साथ बैठक कर उन्हें सक्रिय करने में जुट गये हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लखपत बुटोला ने रविवार को दशोली विकास खंड के दोगड़ी, कांडई, गैर, टंगसा, कठूर, बमियाल में कांग्रेस के जुड़े लोगों और



कार्यकताओं के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में कांग्रेस के कार्यकताओं को उपचुनाव में अभी से सक्रिय होने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीणों को पार्टी की रीति नीति के बारे में बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि आज हर आदमी मंहगाई, बेरोजगारी के साथ ही तमाम परेशानियों से जूझ रही है।

